मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-59
17/02/2022

मुख्यमंत्री ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 17 फरवरी 2022 :– आज जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी, शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, उद्योग मंत्री श्री शाहनवाज हुसैन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री रामप्रीत पासवान, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री आलोक रंजन, गन्ना उद्योग–सह–विधि मंत्री श्री प्रमोद कुमार, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री श्री मुकेश सहनी सहित कई गणमान्य लोगों ने भी जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्य सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित उक्त समारोह में सर्वधर्म प्रार्थना भी आयोजित की गई।

कार्यक्रम के पश्चात् पंजाब के मुख्यमंत्री श्री चरणजीत सिंह चन्नी के बयान पर पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि ऐसे बयानों का केई मतलब नहीं है। बिहार के लोगों की वहां बड़ी भूमिका है। बड़ी संख्या में लोग वहां रह रहे हैं और पंजाब की सेवा कर रहे हैं। आश्चर्य होता है कि इस तरह के बयान लोग कैसे देते हैं।

******